Publication: People's Samachar | **Date:** 12.09.15

Edition: INDORE | **Pg No:** 05

मोबाइल डिवाइस से लेकर लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तक

यंग रिपोर्टर • इंदौर

editor@peoplessamachar.co.in

टीसीएस आईटी क्विज में शामिल हुए शहर विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स

टेक्नोलॉजी से जुड़े सवालों पर त्वरित जवाबों ने निर्णायकों को चकित कर दिया। छोटी से लेकर बड़ी हर टेक्नोलॉजी के नॉलेज से भरे स्टूडेंट्स ने हर जवाब आत्मविश्वास के साथ दिया। हर सवाल पर जवाब के लिए बजर पर बजर ने स्टूडेंट्स की प्रेजेंस ऑफ माइंड को प्रदर्शित किया।

शुक्रवार को खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या ऑडिटोरियम में टीसीएस क्विज कॉम्पीटिशन हुआ। इस कॉम्पीटिशन में शहर के विभिन्न स्कूलों के 8वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स शामिल हुए। क्विज में बच्चों से टेक्नोलॉजी की शुरुआत से वर्तमान तक के हर छोटे-बड़े क्वेश्चन का चतुराई से जवाब दिया।

क्विज को बड़े ही अनोखे रूप में तैयार किया गया था। इसमें बच्चों के लिए एनिमेशन फार्मेट में भी क्वेश्चन तैयार किए थे। इसके साथ ही प्राचीनकाल से वर्तमान की तुलना करती नीतियों और सुविधाओं पर भी बच्चों ने दिमाग का सही रूप से इस्तेमाल कर जवाबों को समय पर दिया। क्विज में 5 राउंड में स्टूडेंट्स ने अलग-अलग प्रकार के सवालों के जवाब देकर बुद्धिमता का परिचय दिया।

विजेताओं को दी ट्रॉफी

रीजनल इंटरनेशनल स्कूल फाइनल्स में क्विजिंग के 5 राउंड्स के बाद द एमरॉल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल के देव सेठ और वैभव सिंह ने टाइटल जीता। इस साल की रीजनल चैम्पियनशिप में प्रत्येक विजेताओं को स्पेशल डिजाइन की गई ट्रॉफी तथा मेडल्स के साथ आईपैड एयर प्रदान किए गए, जबकि सेंट पॉल्स हाई सेकेंडरी स्कूल का प्रतिनिधित्व करने वाले रुद्राक्ष और प्रखर को उपविजेताओं के रूप में आईपैड मिनी प्रदान किए गए।